# RVG के 132 स्टूडेंट्स ने पाई CA में सफलता

Navin.Pandey@timesofindia.com

मुंबईः इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) के सीए फाइनल रिजल्ट में राजस्थानी विद्यार्थी गृह (आरवीजी) के स्टूडेंट्स का जलवा है। इस साल आरवीजी के 132 स्टूडेंट्स ने इस परीक्षा में सफलता पाई है। आरवीजी के स्टूडेंट राजन काबरा इस परीक्षा में टॉप रहे हैं। अपने स्टूडेंट्स की सफलता पर आरवीजी ने हॉस्टल के दिनों में काबरा की मेहनत को याद किया है।

आरवीजी के अध्यक्ष सुनील गोयल ने कहा कि राजन काबरा की उपलब्धि सिर्फ एक टॉपर की कहानी नहीं है, यह एक छात्र के संघर्ष और साधना की मिसाल है। राजन ने यह साबित किया है कि यदि नींव मजबूत हो, तो ऊंचाइयों तक पहुंचना संभव है। वहीं आरवीजी के स्टूडेंट्स ने काबरा की सफलता पर कहा कि आरवीजी एजुकेशनल फाउंडेशन आज सिर्फ एक हॉस्टल नहीं, बल्कि उन युवाओं की पाठशाला है जो पूरे भारत से मुंबई आते है और चार्टर्ड अकाउंटेंसी की कठिन राह पर चलते हैं। वरिष्ठ ट्रस्टी सुशील गाडिया ने कहा, 'आरवीजी की सफलता का राज यहां मिलने वाला एक अनुशासित, प्रेरणादायक और पारिवारिक माहौल है। यहा शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। यहा शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। गोयल ने बताया कि इस वर्ष आरवीजी के 119 वर्तमान रेजिडेंट्स मे से 72 ने दोनों ग्रुप क्लियर किए हैं, 17 ने एक ग्रुप और 5 छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। राजन काबरा ने तो पूरे देश मे पहला स्थान पाया और गोल्ड मेडल के साथ एक बार फिर आरवीजी को गौरवान्वित किया। इसके अलावा 60 पूर्व रेजिडेंट्स ने भी इस वर्ष चार्टर्ड अकाउंटेंसी परीक्षा पास की।

## सीए के टॉपर भी है राजस्थानी विद्यार्थी गृह के स्टूडेंट्स

